भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 40

18 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए

विकलांगता पेंशन

40. श्री नीरज डांगी:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत पांच वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान कुल कितने रक्षा कर्मियों को विकलांगता पेंशन प्रदान की गई है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सेना के कई अधिकारियों को सेवा मुक्त होने के एक वर्ष बाद भी उनकी विकलांगता और सेवा पेंशन नहीं मिलती है; और

(ग) यदि हाँ, तो अब तक ऐसे लंबित मामलों की कुल संख्या कितनी है ?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क) : विगत पांच वर्षों और मौजूदा वर्ष के दौरान ऐसे रक्षा सेना कार्मिक जिन्हें विकलांगता पेंशन/विकलांगता घटक प्रदान की जा रही है, की कुल संख्या का ब्यौरा निम्नानुसार हैं:

वर्ष	कमीशन प्राप्त अधिकारी	अधिकारी रैंक से नीचे के कार्मिक
	विकलांगता पेंशन/ विकलांगता घटक के साथ सेवानिवृत्त होने वाले रक्षा सेना कार्मिक	विकलांगता पेंशन/ विकलांगता घटक के साथ सेवानिवृत्त होने वाले रक्षा सेना

		कार्मिक
2017	489	9996
2018	545	11770
2019	515	12518
2020	388	11840
2021	112	8047
2022 (07.07.2022 तक)	36	3424
कुल	2085	57595

(ख) और (ग) : विकलांगता और सेवा पेंशन के मामलों पर निर्धारित नीति के अनुसार समय सीमा के अंदर कार्यवाही की जाती है ।

*****